भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BHUBANESWAR

सामंतपुरी/ Samantapuri, भुवनेश्वर/ Bhubaneswar – 751013

विज्ञापन सं – Rectt/01/Non-Acad/2013-14

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर योग्य भारतीय नागरिकों से निम्न पद को प्रत्यक्ष/ प्रतिनियुक्ति पर भर्ती करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

1. **उप कुलसचिव – 01 (एक) पद, अनारक्षित**

   वेतन मान : ₹15600-39100 (पीबी-3) + ग्रेड वेतन ₹ 7600/- एवं अन्य भत्तों सहित।

   योग्यता एवं अनुभव : न्यूनतम 55% अंकों अथवा यूजीसी 7 प्वाइंट स्केल में अथवा इसके समकक्ष 'बी' ग्रेड में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ-साथ :

   (i) सहायक प्राध्यापक के रूप में एजपी ₹6000/- या उससे अधिक 9 वर्ष के अनुभव के साथ शैक्षिक प्रशासन में अनुभव, अथवा

   (ii) अनुसंधान संस्थान /अथवा उच्चतर शिक्षा के अन्य संस्थानों में तुलनीय अनुभव, अथवा

   (iii) भा.प्रौ.संस्थानों/विश्वविद्यालय प्रणाली/अनुसंधान संस्थान/ केंद्र सरकार के विभागों में सहायक कुलसचिव अथवा समकक्ष पद पर 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव।

   वाछनीय :

   अभ्यर्थियों के पास नेतृत्व करने की योग्यता होनी चाहिए और निम्न दिए गए क्षेत्रों में एक या उससे अधिक कार्यक्षेत्रों में अनुभव अपेक्षित हो :-

   लेखांकन, लेखापरीक्षा एवं वित्तीय कार्यविधि, **अथवा** प्रशासनिक मामले जैसे विधि, भर्ती, स्थापना **अथवा** शैक्षणिक मामले जैसे परीक्षाओं का संचालन, छात्र अभिलेखों का रखरखाव, छात्रवृत्तियाँ, उपाधि आदि प्रदान करना **अथवा** सामग्री प्रबंधन, सामग्रियों की खरीद/वितरण, आयत कार्यविधि/भंडार लेखांकन, स्टॉक सत्यापन इत्यादि। संबंधित क्षेत्रों में उसके अनुरूप सॉफ्टवेयर के प्रयोग का व्यवहारिक अनुभव अनिवार्य है।

सामान्य सूचना

1. अनु.जा./अनु.जन.जा./अ.प.व./शा.वि./भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षण भारत सरकार के नियमानुसार होगा।
2. सरकार लिंग भेद के अंतर को कम करने का प्रयास करता है तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करता है।
3. सरकारी/ अर्ध सरकारी संगठन/ स्वायत्त निकाय/ सार्वजनिक संस्थान आदि में कार्यरत अभ्यर्थी अपना आवेदन उचित माध्यम से भेंजे। आवश्यक होने पर वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रति भेज सकते है। जो अपना आवेदन उचित माध्यम से नहीं भेज पाए है वे साक्षात्कार के दौरान अपने वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र"(एनओसी) प्राप्त कर प्रस्तुत करें। तथापि उन्हें इस आशय की एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी। ऐसे अभ्यर्थियों से प्राप्त सीधे आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. उपर्युक्त पद के लिए निर्दिष्ट उपाधि/ डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान की गई होनी चाहिए।
5. अभ्यर्थी की अर्हता एवं अनुभव से संबंधित योग्यता की गणना/विचार आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी।

6. योग्यता के मात्र पूरा होने से अभ्यर्थी परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जाता है। इन सभी मामले में संस्थान द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम होगा। चयन/साक्षात्कार की प्रक्रिया से संबंधित अभ्यर्थी के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। अपने पक्ष में किसी भी प्रकार का प्रचार करने पर अभ्यर्थी के आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. संस्थान के पास किसी विशेष मामले में अथवा ऐसे व्यक्ति जो पहले से ही किसी केंद्रीय तकनीकी संस्थान/विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थान में समवृत्ति पद पर कार्यरत हैं, को अनुभव में छूट देने का अधिकार सुरक्षित है।
8. इस पद के आवेदन के लिए अधिकतम आयु सीमा **55 वर्ष** है।
9. संस्थान के पास किसी भी अन्य या सभी आवेदनों को बिना किसी कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अनु.जा./अनु.ज.जा एवं महिला अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी।
11. अधिक अनुभव/योग्यता होने पर अभ्यर्थियों को आयु में छूट दी जाएगी।
12. इस पद के लिए अनु.जा./अनु.ज.जा/शा.वि. अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि में 55% से 50% तक अंक होने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना के अनुसार 5% की छूट दी जाएगी।
13. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना के अनुसार उक्त पद के लिए पीएच.डी उपाधि धारक अभ्यर्थियों को जिन्होंने 19 सितंबर 1991 से पूर्व अपनी स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी उन्हें 5% की छूट दी जाएगी।
14. योग्यता एवं पात्रता के मानदंड में रियायत मा.सं.वि.मं/यूजीसी के नियमानुसार किया जाएगा।
15. उक्त पद के लिए अत्यधिक आवेदक होने पर संस्थान के पास लिखित परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है।
16. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यार्थियों को उनके निवास/कार्यस्थल से आने और वापसी का लघुतम मार्ग का AC-3 टायर तक सीमित का रेल किराया दिया जाएगा।
17. अधूरा आवेदन अथवा बिना अनुप्रमाणित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ आवेदन अथवा आवेदन अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
18. **निर्धारित आवेदन प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट www.iitbbs.ac.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है तथा इसे सहायक कुलसचिव (शै.एवं.प्रशा.) के कार्यालय, भा.प्रौ.सं.भुवनेश्वर, तोषाली भवन, सत्यानगर, भुवनेश्वर-751007 (दूरभाष : 0674-2576186/2576014) से भी प्राप्त किया जा सकता है।**
19. चयन/भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में इसे भुवनेश्वर स्थित न्यायलय/अधिकरण द्वारा दिए गए निर्णायानुसार किया जाएगा।
20. सभी पहलुओं के साथ संपूर्ण आवेदन **कुलसचिव, भा.प्रौ.सं. भुवनेश्वर, सामंतपुरी, भुवनेश्वर-751013** को भेंजे। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 16.09.2013 है।** संस्थान, किसी भी रूप में डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
21. कोई भी अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ताक्षर/-

कुलसचिव